प्रेस विज्ञप्ति – पहला दिन

**60वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला– ऑटम 2025**

**13 से 17 अक्टूबर 2025; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा**

# "दुनिया का सबसे खूबसूरत मेला" आज से शुरू

## श्री तरुण राठी, उपाध्यक्ष, फिल्म विकास परिषद (राज्य मंत्री रैंक), उत्तर प्रदेश सरकार और फिल्म निर्माता एवं अध्यक्ष – प्रवासी संघ (एनजीओ) ने आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2025 का उद्घाटन किया

श्री रामवीर सिंह, माननीय विधायक, कुंदरकी (मुरादाबाद) और
डॉ. एवगेनी ग्रिविया, उप व्यापार आयुक्त, उद्योग एवं व्यापार मंत्रालय, रूसी संघ, अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।

मेले के पहले दिन भारत के प्रमुख बाजारों से बड़ी संख्या में खरीदारों का स्वागत

**5 दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय मेले की खासियतें — 3000+ प्रदर्शक, 16 डिसप्ले सेगमेंट, 110 से अधिक देशों के पहले से रजिस्टर खरीदार, थीम एरिया, क्षेत्रीय शिल्प, नॉलेज सेमिनार और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

**दिल्ली/एनसीआर- 13 अक्टूबर 2025-** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद 60वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम 2025 का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में हो रहा है। मेले का उद्घाटन आज श्री तरुण राठी, उपाध्यक्ष, फिल्म विकास परिषद (राज्य मंत्री रैंक), उत्तर प्रदेश सरकार और फिल्म निर्माता एवं अध्यक्ष – प्रवासी संघ (एनजीओ) ने किया। इस मौके पर श्री रामवीर सिंह, माननीय विधायक, कुंदरकी (मुरादाबाद) और डॉ. एवगेनी ग्रिविया, उप व्यापार आयुक्त, रूसी संघ के उद्योग और व्यापार मंत्रालय भी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार में फिल्म विकास परिषद (राज्य मंत्री स्तर) के उपाध्यक्ष श्री तरुण राठी ने ने भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत का जश्न मनाने वाले इस विश्व स्तर पर प्रशंसित मंच का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त किया और मेले को एक प्रमुख सोर्सिंग गंतव्य में बदलने के लिए ईपीसीएच को बधाई दी, जिसने वैश्विक खरीदारों, डिजाइनरों और उद्योग के नेताओं को आकर्षित किया। मेले में रूस और चीन के खरीदारों की उपस्थिति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की तुलना में अमेरिका द्वारा चीन पर दोगुना टैरिफ लगाने से न केवल अमेरिकी खरीदार भारत से अपनी सोर्सिंग बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं, बल्कि यह भारतीय निर्यातकों के लिए चीन को एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में पूरा करने के व्यापक द्वार भी खोलता है।

कुंदरकी (मुरादाबाद) के माननीय विधायक श्री रामवीर सिंह ने यह जानकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि इस मेले में प्रदर्शित किए जा रहे 40% उत्पाद मुरादाबाद क्षेत्र से हैं।

रूसी संघ के उद्योग और व्यापार मंत्रालय के उप-व्यापार आयुक्त डॉ. एवगेनी ग्रिविया ने आईएचजीएफ दिल्ली मेले को हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट माध्यम बताया और कहा कि यह मेला खरीदारों को विभिन्न खंडों में नवाचार युक्त उत्पादों को अपने-अपने बाजारों के अनुसार खोजने का अवसर प्रदान करता है। यह जानकारियों को साझा करने, प्रेरणा लेने और नेटवर्किंग का भी एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने

इस बात पर जोर दिया कि, "भारत और रूस **70** साल पुराने व्यापारिक संबंध साझा करते हैं। हालांकि कुछ वर्ष इन रिश्तों में कमियां आई पर अब हम फिर से एक मजबूत शुरुआत कर रहे है और उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। हम इन दोनों देशों के सक्षम नेतृत्व में इस साझेदारी को पूरी तरह से साकार करने की वास्तविक क्षमता देखते हैं, और हम चाहते हैं कि भारतीय हस्तशिल्प क्षेत्र इस विस्तार का हिस्सा बने। हम अपने भारतीय समकक्षों को रूस में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों में आने का निमंत्रण देते हैं दौरा करने के लिए आमंत्रित करते हैं, क्योंकि नए भू-राजनीतिक घटनाक्रम हमारे द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक आशाजनक युग की शुरुआत करने वाले हैं।"

सभी गणमान्य व्यक्तियों ने प्रदर्शनी हॉल का भी दौरा किया और प्रतिभागियों से बातचीत की। उन्होंने प्रदर्शनी के आकार और बेहतरीन विजुअल मर्चेंडाइजिंग के माध्यम से प्रदर्शित किए गए उत्पादों की विविधता की सराहना की, जो सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों के शोरूमों की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2025 के उद्घाटन समारोह में ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना, ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता, ईपीसीएच के मुख्य संयोजक श्री अवधेश अग्रवाल, आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2025 के अध्यक्ष श्री रजत अस्थाना, आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2025 के उपाध्यक्ष श्री सिमरनदीप सिंह कोहली, श्री रोहित ढल और श्री मोहित चोपड़ा, ईपीसीएच के सीओए सदस्य, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा और अन्य प्रमुख विदेशी खरीदार, भारत के खरीद एजेंट्स और साथ ही ईपीसीएच के प्रमुख सदस्य निर्यातक भी उपस्थित थे। आईएचजीएफ के इस संस्करण में 3,000 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जो 16 समर्पित हॉल में होम, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्निशिंग, फर्नीचर और इंटीरियर उत्पादों का विस्तृत प्रदर्शन कर रहे हैं। हॉल्स में प्रदर्शनी स्टॉल्स के अलावा, आगंतुकों के लिए इंडिया एक्सपो सेंटर की विभिन्न मंजिलों पर मौजूद 900 मार्ट/स्थायी शोरूमों भी खुले हैं, जिन्हें खासतौर पर सोर्सिंग के इन दिनों के लिए सजाया और नया रूप दिया गया है।

अपने स्वागत भाषण में, ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली मेले के इस **60**वें संस्करण में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस खास अवसर को मनाने के लिए, इस मेले को एक नए और आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। इस मेले में कई सुधार और बदलाव हमारे समिति के सदस्यों के सहयोग से संभव हुए हैं, और मैं इसके लिए ईपीसीएच की टीम की सराहना करता हूं जिन्होंने मेले को बहुत ही खूबसूरत और आकर्षक तरीके से पेश किया है। यह संस्करण हमारी गौरवपूर्ण यात्रा को आगे बढ़ाता है और भारत के कुछ बेहतरीन हस्तशिल्पों के प्रदर्शन का एक मजबूत मंच प्रदान करता है। मेले का हर एक संस्करण नए व्यावसायिक अवसरों को जन्म देते रहे हैं और खरीदारो के साथ नए संबंध बनाते रहे हैं और साथ ही यहां उत्पादों के रेंज में लगातार वृद्धि होती रही है।"

मेले में खरीदारों की भागीदारी पर उन्होंने कहा, "हाल के महीनों में, ईपीसीएच प्रतिनिधिमंडलों ने प्रमुख यूरोपीय मेलों में भाग लिया है, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जुड़े हैं, उनमें से कइयों ने इस संस्करण में शामिल होने के हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया है। कुछ अंतरराष्ट्रीय मेला आयोजकों ने भी बड़े पैमाने पर आयोजित किए जाने वाले इस शो में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की क्षमताओं को देखने के लिए आने में अपनी रुचि दिखाई है। हमें खरीदारों की अब तक की रजिस्ट्रेशन संख्या देख कर प्रसन्नता हो रही है। आज 100 देशों के 3,000 खरीदारों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जो मेले की वैश्विक लोकप्रियता और भारतीय हस्तशिल्प में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। मेले में देश भर से थोक खरीदार व्यापार करने आ रहे हैं। हस्तशिल्प पर जीएसटी घटने से उन्हें मदद मिल रही है, इससे देश के भीतर व्यापार के विस्तार में भी मदद मिलेगी।"

डॉ. खन्ना ने यह भी कहा कि चीन से आयात पर अमेरिका अतिरिक्त आयात शुल्क लगा रहा है जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ा अवसर बन रहा है। उन्होंने यह भी कहा, "हम इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए अमेरिकी खरीदारों के सम्पर्क में हैं क्योंकि चीन पर बढ़े हुए शुल्क से भारत से मांग बढ़ सकती है, इससे भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे और निर्यात के पर्याप्त अवसर खुलेंगे।"

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य अतिथि के फिल्म उद्योग से जुड़ाव का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "हमें खुशी है कि इस मेले में श्री तरुण राठी जी मौजूद हैं। जेवर हवाई अड्डे के पास बनने वाली फिल्म सिटी से हस्तशिल्प उद्योग को भी लाभ होगा, क्योंकि हमारे उत्पादक फिल्म सेट्स के लिए प्रॉप्स की आपूर्ति के अवसर पाएंगे।"

मेले और वर्तमान बदलते व्यावसायिक माहौल पर उन्होंने कहा, “हमें इन बदलावों के साथ तालमेल बिठाने और उनका सामना करने के लिए मिलकर काम करना होगा। 60 साल पुराने आईएचजीएफ दिल्ली मेले की तरह हमारे कई निर्यातक अपने वरिष्ठ नागरिक वाले सुनहरे दौर में हैं, उनके अनुभव का लाभ उठाकर हम अगली पीढ़ी को नए व्यापार के माहौल में सफल होने के लिए मार्गदर्शन दे सकते हैं। यह मेला अपने 60वें संस्करण का जश्न मना रहा है, इसके बावजूद इसमें एक उत्साही युवा मेले की ऊर्जा बरकरार है, जो हर संस्करण के साथ अपने पैमाने और कद में बढ़ता जा रहा है। हमारे खरीदार मेला स्थल पर आते ही इस उत्साह को महसूस करते हैं।”

इस विचार की पुष्टि करते हुए ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली मेले में हमारे प्रदर्शकों ने उत्पाद डिजाइन और विकास में काफी मेहनत की है, ताकि उनके उत्पाद बदलते बाजार के ट्रेंड और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की पसंद को दर्शा सकें। नवाचार और गुणवत्ता पर रखे गए इस ध्यान को दुनिया भर से यहां पहुंचे दर्शकों ने सराहा। मेले के पहले ही दिन अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से मिली ऐसी उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं इस संस्करण के प्रति सकारात्मक भावना को और बढ़ा रही है, जो भारत के प्रमुख रिटेल और ऑनलाइन ब्रांड्स के नए और पुराने, दोनों आगंतुकों द्वारा महसूस किया जा रहा है। यह मेले की हस्तशिल्प उत्कृष्टता और आधुनिक कलेक्शंस के लिए एक महत्वपूर्ण सोर्सिंग मंच के रूप इसके महत्व को और मजबूत करता है।”

आईएचजीएफ दिल्ली मेले के 60वें माइलस्टोन संस्करण में सबका स्वागत करते हुए ईपीसीएच के मुख्य संयोजक श्री अवधेश अग्रवाल ने कहा, "यह आयोजन देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित व्यापार मेलों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है—हमारे सदस्य निर्यातकों की उद्यमशीलता और रचनात्मकता का प्रमाण है, जिन्होंने लगभग तीन दशकों से अपनी उत्कृष्ट कारीगरी और अनोखे उत्पाद विश्व के सामने प्रस्तुत किए हैं। इसका समान रूप श्रेय अंतरराष्ट्रीय खरीदार समुदाय को भी जाता है, जिनके विश्वास और लगातार भागीदारी ने पिछले 30 वर्षों में इस मंच को मजबूत किया है।"

आईएचजीएफ दिल्ली मेला- ऑटम 2025 के अध्यक्ष श्री रजत अस्थाना ने कहा, "यह मेला नए उद्यमों को बढ़ावा देने के साथ-साथ कारीगरों और निर्यातकों को साहसिक, डिजाइन पर आधारित कलेक्शन पेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के हमारे नजरिए को भी दर्शाता है। आईएचजीएफ दिल्ली मेले के अनुभव में गहराई और प्रामाणिकता जोड़ते हुए, अगले तीन दिनों में बियॉन्ड सीजन्स: ट्रेंड्स फॉर नेक्स्ट जेनरेशन; और मेकर टू मार्केट: डिकोडिंग ब्रांड नैरेटिव, विजुअल मर्चेंडाइजिंग एंड रिटेलिंग पर पैनल डिस्कशन आयोजित की जाएंगी और साथ ही सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे, जैसे ‘निर्यातकों के लिए डिजिटलीकरण: प्रेजेंटेशन और डिजाइन मॉकअप में एआई का उपयोग’; ‘स्थानीय कैश एंड कैरी से ग्लोबल सप्लाई चेन तक’; ‘अन्य प्रतिस्पर्धी बाजारों द्वारा अपनाई गई श्रेष्ठ औद्योगिक प्रथाएं’; और ‘खर्च कम करने के लिए तकनीक को कैसे अपनाएं’. इनमें उद्योग जगत के जानेमाने एक्सपर्ट्स भाग लेंगे।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली मेले में तीन दशकों से भी अधिक समय से सक्रिय भागीदारी इस बात का सबूत है कि अंतरराष्ट्रीय खरीदारों का लगातार विश्वास बना हुआ है। इस संस्करण की शुरुआत खरीदारों के रजिस्ट्रेशन, चहल-पहल वाले हॉल और सार्थक व्यावसायिक गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्ण रही। मेले में 110 से अधिक देशों के विदेशी खरीदारों के साथ-साथ भारत के प्रमुख खुदरा और ऑनलाइन ब्रांडों के नियमित और नए आगंतुकों के आने की उम्मीद है।"

श्री करण जेठवानी, श्री डी कुमार, श्री अशोक कुमार गुप्ता, श्री सुनील गुप्तासमेत वरिष्ठ और अनुभवी सदस्य निर्यातकों को ईपीसीएच प्रीविलेज कार्ड्स दिए गए, जो परिषद के साथ उनके अहम जुड़ाव का प्रतीक है।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने और देश के विभिन्न शिल्प कल्स्टर में होम, लाइफस्टाइल, फर्नीचर, इंटीरियर एक्सेसरीज, टेक्सटाइल, फैशन जूलरी एवं एक्सेसरीज, गिफ्ट और अन्य उत्पादों को बनाने में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने में लगी एक नोडल संस्थान है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने आगे बताया कि साल 2024-25 के दौरान कुल हस्तशिल्प निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा था।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच +91-9810697868

EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद
Connecting. Empowering. Transforming.
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
IHGF Delhi Fair
13-17 OCTOBER 2025 Autumn
IHGF DELHI FAIR
60th Edition
INDIA EXPO CENTRE & MART, GREATER NOIDA EXPRESSWAY, DELHI-NCR

**PRESS RELEASE – Day 1**

**60th IHGF Delhi Fair – AUTUMN 2025**

**13th– 17th October 2025; India Expo Centre, Greater Noida**

# "World's Most Beautiful Fair" Opens

## Shri Tarun Rathi, Vice President, Film Development Council (MoS Rank) and President – Pravasi Sangh (NGO), Government of Uttar Pradesh inaugurates IHGF Delhi Fair-Autumn 2025

### Shri Ramveer Singh, Hon'ble MLA, Kundarki (Moradabad) and Dr. Evgeny Grivia, Deputy Trade Commissioner, Ministry of Industry and Trade of the Russian Federation, grace ceremony with their august presence

### Fair welcomes impressive number of buyers from India's leading markets on Day 1

**3000+ EXHIBITORS, 16 DISPLAY SEGMENTS, PRE-REGISTERED BUYERS FROM 110+ NATIONS, THEME AREAS, REGIONAL CRAFTS, KNOWLEDGE SEMINARS AND CULTURAL PERFORMANCES DEFINE 5 DAYS SHOW**

**Delhi/NCR – 13th October 2025 -** The 60th IHGF Delhi Fair-Autumn 2025, organized by the Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH), from 13th to 17th October 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida was inaugurated today by Shri Tarun Rathi, Vice President, Film Development Council (MoS Rank), Government of Uttar Pradesh, Film Producer and President – Pravasi Sangh (NGO), in the august presence of Shri Ramveer Singh, Hon'ble MLA, Kundarki (Moradabad); and Dr. Evgeny Grivia, Deputy Trade Commissioner, Ministry of Industry and Trade of the Russian Federation.

Shri Tarun Rathi, Vice President, Film Development Council (MoS Rank), Government of Uttar Pradesh, Film Producer and President – Pravasi Sangh (NGO), expressed pride in being part of this globally acclaimed platform that celebrates India's rich handicraft heritage and congratulated EPCH for transforming the fair into a premier sourcing destination, attracting global buyers, designers and industry leaders. Commending the presence of buyer from Russia and China at the Fair, he opined that with the US imposing twice the Tariff on China, compared with India, not only revives US buyers to increase their sourcing from India, it also opens wider doors for Indian exporters to cater to China as a significant market. He also assured the continued strong support of the Govt. of India and of Uttar Pradesh to EPCH, IEML and the Handicrafts sector as a whole.

Shri Ramveer Singh, Hon'ble MLA, Kundarki (Moradabad) expressed his happiness to learn that 40% of the exhibited products at this grand fair are from Moradabad region.

Dr. Evgeny Grivia, Deputy Trade Commissioner, Ministry of Industry and Trade of the Russian Federation, called IHGF Delhi Fair, an excellent medium to promote the handicrafts industry and provide an opportunity for buyers

to explore assortments and innovations in multiple categories, as suited to their individual markets. This is also a significant knowledge sharing, inspiration gathering and networking platform, he added and emphasised, “India and Russia share a 70-year-long trade relationship. While there have been gaps in certain years, we are now witnessing a strong revival and remarkable growth. We see real potential to fully realize this partnership under the capable leadership of both nations, and we aim to include the Indian handicraft sector as part of this expansion. We invite our Indian counterparts to visit exhibitions in Russia, as new geopolitical developments are set to usher in a promising era for our bilateral trade.”

The dignitaries also visited the exhibition halls and interacted with the participants. They commended the scale of the displays and the diversity of products showcased through well-executed visual merchandising, all ready to grace showroom floors in leading international markets.

The IHGF Delhi Fair-Autumn 2025 inauguration ceremony was also graced by Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH; Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman, IEML; Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH; Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH; Mr. Rajat Asthana, President, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025; Vice Presidents, IHGF Delhi Fair- Autumn 2025 - Mr. Simrandeep Singh Kohli , Mr. Rohit Dhall and Mr. Mohit Chopra; Former Chairmen’s & CoA Members-EPCH:- Mr. Ravi K Passi, Mr. Raj Kumar Malhotra; Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH; and other prominent overseas buyers, buying agents from India as well as leading member exporters of EPCH. This edition has brought together 3000+ exhibitors in 16 dedicated halls for elaborate display segments of home, lifestyle, fashion, furnishing, furniture and interior products. Besides exhibitor booths in the halls, visitors have access to the 900 Marts/permanent showrooms of leading exporters, located on various levels of the India Expo Centre that are all decked up and replenished for the sourcing days.

In his welcome address, Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH shared, “It is a privilege to welcome all participants to this milestone 60th edition of the IHGF Delhi Fair, organized in a refreshed and innovative format to mark this special occasion. Several enhancements in the show have been made possible with the support of our committee members, and I commend the EPCH team for presenting the fair so beautifully and aesthetically. This edition carries forward our illustrious journey, providing a rich sourcing platform for some of India’s finest crafts. Each edition acts as a powerful catalyst for new business opportunities, building fresh buyer relationships while showcasing an ever-expanding product range.”

Speaking about buyer traffic to the fair, he added, “In recent months, EPCH delegations participated in major European fairs, connected with international buyers, and many have accepted our invitations to attend this edition. Some show organizers have also expressed interest in visiting IHGF to witness the scale of the fair and capabilities of India’s manufacturing sector. We are pleased with the strong buyer registration so far. 3,000 buyers registered today representing 100 nations, reflecting the fair’s global appeal and the growing confidence in Indian handicrafts. Domestic volume buyers are traveling from across India to conduct business at the fair, aided by reduced GST costs on handicrafts, which will help expand domestic trade as well.” Dr. Khanna also informed that the U.S. imposing additional tariffs on Chinese imports, opens a significant opportunity for Indian exporters. “We are engaging U.S. buyers to capitalize on this shift, as increased tariffs on China could potentially redirect demand toward India, creating a level playing field and opening substantial export opportunities,” he added.

Dr. Rakesh Kumar, Director General, in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman-IEML, warmly welcomed all dignitaries. Making a special mention of the Chief Guest’s association with the film industry he said, “We are delighted to have Mr. Tarun Rathi present at the fair. The upcoming Film City near Jewar Airport will also benefit the handicrafts industry, as our manufacturers will have opportunities to supply props for film sets.” Speaking about the fair and the present evolving business landscape he added,

“We must work collaboratively to adapt and stand up to these changes. Many of our exporters, just like the 60 years old IHGF Delhi Fair, are senior citizens in their golden years, and by leveraging their experience, we can mentor the next generation to navigate the renewed business dynamics. Though the fair celebrates its 60th edition, it retains the zeal and enthusiasm of a vibrant young fair, growing in scale and stature with each edition. Our buyers feel the momentum as soon as they enter the fair venue.”

Affirming this sentiment, Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH, added, “Our exhibitors at the IHGF Delhi Fair have invested considerable effort in product design and development, ensuring their offerings reflect evolving market trends and international buyer preferences. This proactive focus on innovation and quality has been well received by global audiences. The enthusiastic response from international buyers accentuates the positive sentiment surrounding this edition, a momentum echoed by both new and returning visitors from India’s top retail and online brands. It further reinforces the Fair’s importance as a vital sourcing platform for handcrafted excellence and trend-forward collections.”

Welcoming all to the 60th milestone edition of IHGF Delhi Fair Shri Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH remarked, “This event stands tall as one of the largest and most prestigious trade fairs in the country—a testament to the entrepreneurial spirit and creativity of our member exporters, who have showcased exquisite craftsmanship and unique products to the world for nearly three decades. Equal credit goes to the international buying community, whose trust and consistent participation over the past 30 years have strengthened this platform.”

Mr. Rajat Asthana, President, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025, informed, “The fair also resonates with the vision of fostering new ventures while encouraging artisans and exporters to present bold, design-led collections. Adding depth and authenticity to the IHGF Delhi Fair experience, the next three days will feature panel discussions on Beyond Seasons: Trends for Next Generation; and From Maker to Market: Decoding Brand Narrative, Visual Merchandising & Retailing and seminars on Digitalization for Exporters: Application of AI in Making Presentations and Design Mockups; Local Cash & Carry to Global Supply Chain; Best Industrial Practices Used by Other Competitive Markets. How to adopt technology for cutting costs, featuring eminent industry experts.”

Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH said, “The continued trust of international buyers is evident, with active participation at IHGF Delhi Fair for over three decades. This edition began vibrantly, with dynamic buyer registrations, bustling halls, and meaningful business engagements. Overseas buyers from over 110 countries are expected, alongside regular and new visitors from India’s leading retail and online brands."

Senior and veteran member exporters including Mr. D Kumar, Mr. Karan Jethwani, Mr. Ashok Kumar Gupta, and Mr. Sunil Gupta given EPCH Privilege Cards, symbolizing their valued association with the Council.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institution for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture, interior accessories, textiles, fashion jewellery & accessories, gifts and more products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million) Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH, further said.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English with photos







Photo 1 & 2: Shri Tarun Rathi, Vice President, Film Development Council (MoS Rank), Government of Uttar Pradesh and President – Pravasi Sangh (NGO) alongwith Shri Ramveer Singh, Hon'ble MLA, Kundarki (Moradabad) and Dr. Evgeny Grivia, Deputy Trade Commissioner, Ministry of Industry and Trade of the Russian Federation inaugurated 60th IHGF Delhi Fair Autumn 2025 in the august presence of Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH; Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman, IEML; Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH; Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH; Mr. Rajat Asthana, President, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025; Vice Presidents, IHGF Delhi Fair- Autumn 2025 - Mr. Simrandeep Singh Kohli , Mr. Rohit Dhall and Mr. Mohit Chopra; Former Chairmen's & CoA Members-EPCH:- Mr. Ravi K Passi, Mr. Raj Kumar Malhotra; Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH today at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida.



Photo 3: Shri Tarun Rathi, Vice President, Film Development Council, Minister of State, Govt. of Uttar Pradesh and President – Pravasi Sangh (NGO) interacted with participating member exporters during 60th IHGF Delhi Fair Autumn 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida.



Photo 4: Buyers doing business transaction at 60th IHGF Delhi Fair Autumn 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida